

Dr. Manoj Jain
Director

# DAILY CURRENT AFFAIRS QUESTIONS

काव्य क्लासेज
कर्मण्येव जयते

पुलिस | PATWAR
HIGH COURT | रेलवे JE, Group-D, TC, RPF
BANK | SSC CGL, 10+2, CPO-SI, MTS
शिक्षक Ist ग्रेड | REET I, II Level

# CURRENT G.K.
## MCQ QUESTIONS
## 4 December 2022



डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित
# काव्य क्लासेज®
मोदी कॉलेज रोड, दादाबाड़ी, कोटा ( राज. )

पता : मोदी कॉलेज रोड़, दादाबाड़ी, कोटा (राज.)
Helpline : 94601-22225, 81045-02225

## 4 दिसंबर का इतिहास

- **1959 :** भारत और नेपाल के बीच में गंडक सिंचाई एवं विद्युत परियोजना पर हस्ताक्षर किए।
- **2003 :** अशोक गहलोत में विधानसभा क्षेत्र से 12वीं राजस्थान विधानसभा के लिए निर्वाचित हुए।
- **1888 :** इतिहासकार रमेश चंद्र मजूमदार का जन्म हुआ।
- **1996 :** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने मंगल ग्रह के लिए एक और अंतरिक्ष यान मार्स पाथफाउंडर प्रक्षेपित किया।
- **1977 :** मिश्र के विरूद्ध अरब मोर्चा गठित हुआ।

## 4 दिसंबर से संबंधित करेंट अफेयर्स

- बिजली की कमी का सामना कर रहे राज्यों की मदद करने ओर उत्पादन संयंत्रों को उनकी क्षमता बढ़ाने में मदद करने के लिए सरकार बिजली खरीदेगी। विद्युत मंत्रालय ने पांच साल के लिए कुल 4500 मेगावाट बिजली खरीदने की तैयारी कर ली है। मंत्रालय ने खरीद के लिए पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड नोडल एजेंसी नामित किया है। ठंड के मौसम में बिजली की खपत अन्य दिनों की तुलना में अधिक रहती है। इस समस्या को दूर करने और बिजली उत्पादन ढांचे का आगे तक के लिए तैयार रखने के उद्देश्य से विद्युत मंत्रालय ने पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड को बिजली खरीद योजना के लिए नोडल एजेंसी नामित किया है।
- इंदौर एक मजबूत पर्यावरण रिकॉर्ड के साथ देश का पहला स्थानीय सरकार बांड जारी करने की योजना बना रहा है, जो व्यक्तिगत निवेशकों को लक्षित करता है, जिसमें सौर ऊर्जा परियोजना को निधि देने के लिए आय का उपयोग किया जाता है। इंदौर स्मार्ट सिटी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी दिव्यांक सिंह के अनुसार इंदौर नगर निगम अगले महीने 10 साल की बॉन्ड बिक्री के माध्यम से 2.6 अरब रूपये जुटाने की योजना बना रहा है, जो पेशकश को अंतिम रूप देने के लिए विभिन्न हितधारकों के साथ काम कर रहे हैं।
- बाजार नियामक सेबी ने सुंदररमण राममूर्ति को बीएसई का प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी नियुक्त करने की मंजूरी दे दी है। बीएसई यानी बॉम्बे स्टॉक एक्सजेंच भारतीय स्टॉक मार्केट का एक प्रमुख स्टॉक एक्सचेंज है। बीएसई ने नियामकीय सूचना में कहा कि यह नियुक्ति उन्हें दी गई पेशकश की स्वीकृति और शेयरधारकों की मंजूरी समेत अन्य नियम एवं शर्तो पर निर्भर है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड ने एक पत्र के जरिए राममूर्ति की नियुक्ति को मंजूरी दी।
- दुनिया का सबसे बड़ा एक्टिव ज्वालामुखी मौना लोआ संयुक्त राज्य अमेरिका की एक जगह में फट गया है। मौना लुआ, दुनिया का सबसे बड़ा सक्रिय ज्वालामुखी है, जो 40 सालों में पहली बार फटा है। यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक ज्वालामुखी मौना लोआ के शिखर से विस्फोट स्थानीय समयानुसार लगभग 11:30 बजे से शुरू हुआ था।
- सेबी ने अधिग्रहण नियमों की समीक्षा के लिए एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया है। इस पहल का मकसद उचित वैश्विक व्यवहार को अपनाकर मौजूदा नियमों को सरल और मजबूत बनाना है। 20 सदस्यीय समिति की अध्यक्षता पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश एसजे वजीफादार करेंगे। समिति में सेबी शेयर बाजार बीएसई और एनएसई के साथ ही विधि फर्मो के प्रतिनिधि शामिल हैं।
- भारतीय सेना के जवान सीमा रेखा पर दुश्मनों की गतिविधियों पर पैनी नजर बनाए हुए हैं। इसी कड़ी में अब भारतीय सेना प्रशिक्षित चीलों का भी इस्तेमाल कर रही है। भारतीय सेना के ये चील दुश्मनों के ड्रोना पर खास नजर रख रहे हैं। इन प्रशिक्षित चीलों का सेना अपनी तरह का पहला प्रयोग कर रही है।
- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि हमारे हस्तशिल्प हमारी जीवंत विरासत है, साथ ही उन्होंने हस्तशिल्प के सभी उपभोक्ताओं से स्थानीय निर्मितियों की सराहना करने और इसके बारे में मुखर होने का आग्रह किया। उन्होंने भारतीय हस्तशिल्प उत्पादों के संगठित विपणन और उनकी ब्रांडिंग को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि आतंरिक वास्तुशिल्पियों को इस समृद्ध संपदा पर भी ध्यान देना चाहिए।
- श्रीहरिकोटा में सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में इसरो परिसर के भीतर भारत का पहला निजी लॉन्चपैड और मिशन नियंत्रण केंद्र स्थापित किया गया है। लॉन्चपैड को चेन्नई स्थित स्पेस-टेक स्टार्टअप अग्निकुल कॉसमॉस द्वारा डिजाइन और संचालित किया गया है। इस सुविधा का उद्धघाटन भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के अध्यक्ष और अंतरिक्ष विभाग के सचिव एस सोमनाथ द्वारा किया गया था। अध्यक्ष ने देश में पहले निजी लॉन्चपैड की स्थापना पर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि भारत अब एक और अंतरिक्ष मंच से अंतरिक्ष की यात्रा कर सकता है।
- विश्व सिनेमा के इतिहास में पहला विज्ञान-संस्कृत वृतचित्र, यनम, जो भारत के सफल मंगलयान मिशन के इर्द-गिर्द घूमता है, गोवा के पंजिम में भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के 53वें संस्करण में भारतीय पैनोरमा खंड के तहत प्रदर्शित किया गया था।

डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित काव्य क्लासेज

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. भारतीय नौसेना दिवस हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 2 दिसंबर (B) 4 दिसंबर
(C) 5 दिसंबर (D) 7 दिसंबर

**(B)** नौसेना दिवस हर साल 4 दिसंबर को देश के नौसैनिक बल की उपलब्धियों और शान को दर्शाने के उद्देश्य से मनाया जाता है। इस दिन 1971 के युद्ध में भारत द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन ट्राइडेंट की सफलता का जश्न मनाया जाता है। इस दिन भारत में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।




**2. अंतर्राष्ट्रीय चीता दिवस हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 4 दिसंबर (B) 5 दिसंबर
(C) 7 दिसंबर (D) 9 दिसंबर

**(A)** अंतर्राष्ट्रीय चीता दिवस हर साल 4 दिसंबर को दुनिया भर के लोगों को इस जानवर को विलुप्त होने के खिलाफ दौड़ जीतने में मदद करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए मनाया जाता है। चीता को दुनिया का सबसे तेज भूमि स्तनपायी के रूप में जाना जाता है। चीतों के महत्व और उनके संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए हर साल 4 दिसंबर को अंतर्राष्ट्रीय चीता दिवस मनाया जाता है।




**3. हाल ही में किस राज्य सरकार ने प्रसून जोशी को अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है?**

(A) तमिलनाडु (B) तेलंगाना
(C) उत्तराखंड (D) आंध्रप्रदेश

**(C)** उत्तराखंड सांस्कृतिक विरासत को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार ने लेखक एवं गीतकार पद्मश्री प्रसून जोशी को ब्रांड एंबेसडर बनाया है। सचिव संस्कृति एवं धर्मस्व हरिचंद्र सेमवाल की ओर से इस संबंध में आदेश जारी किए। संस्कृति निदेशालय की ओर से पद्मश्री प्रसून जोशी को राज्य का ब्रांड एंबेसडर बनाने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया था।



**4. कौनसा राज्य बौद्धिक संपदा अधिकारों के व्यावसायीकरण के लिए एक ऐप आधारित नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म विकसित कर रहा है ?**

(A) कर्नाटक (B) बिहार
(C) झारखंड (D) ओडिशा

**(A)** ऐप का नाम पेटेंटकार्ट है और इसे कर्नाटक स्टेट काउंसिल फॉर साइंस एंड टेक्नोलॉजी द्वारा विकसित किया जा रहा है। पेटेंटकार्ट, मेक इन इंडिया के तहत एक पहल, पेटेंट धारकों और उनके ग्राहकों को उनके आईपी का व्यावसायीकरण करने में मदद करेगी। ऐप 2023 की शुरूआत तक कार्यात्मक होगा।



**5. किस राज्य सरकार ने एनीमिया उन्मूलन कार्यक्रम अमलान (AMLAN) लॉन्च किया?**

(A) ओडिशा (B) कर्नाटक
(C) केरल (D) छत्तीसगढ़

**(A)** ओडिशा में महिलाओं और बच्चों में एनीमिया की समस्या का पूर्ण उन्मूलन सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने राज्य में AMLAN एनीमिया मुक्त लाख अभियान शुरू किया है। राज्य ने लक्षित समूहों के बीच एनीमिया की त्वरित कमी के लिए एक बहु आयामी दृष्टिकोण तैयार किया है। यह कार्यक्रम राज्य भर के 55,000 सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों और 74,000 आंगनबाड़ी केंद्रों में शुरू किया जाएगा।



**6. हाल ही में किस बैंक ने प्रायोगिक आधार पर खुदरा डिजिटल रूपया शुरू किया ?**

(A) भारतीय स्टेट बैंक (B) ICICI बैंक

(C) बैंक ऑफ बड़ौड़ा (D) भारतीय रिजर्व बैंक

**(D)** इस पायलट योजना में चरणबद्ध भागीदारी के लिए पहचाने गए बैंकों की संख्या आठ है। पहले चरण की शुरूआत देश भर के चार शहरों में चार बैंकों से होगी। ययह चार बैंक भारतीय स्टेट बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, यस बैंक और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक है। पायलट परियोजना बाद में अहमदाबाद, गंगटोक, गुवाहाटी, हैदराबाद, इंदौर, कोच्चि, लखनऊ, पटना और शिमला तक विस्तारित होगा।




**7. हाल ही में ग्लोबल प्राइम सिटीज इंडेक्स में मुंबई किस स्थान पर है ?**

(A) 22वें (B) 39वें

(C) 45वें (D) 55वें

**(A)** प्रीमियम आवासीय संपतियों की कीमतों में सालाना बढ़ोतरी को आंकने वाले वैश्विक सूचकांक में मुंबई 22वें स्थान पर पहुंच गया है। संपति सलाहकार फर्म नाइट फ्रैंक ने एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। नाइट फ्रैंक की तरफ से जुलाई-सितंबर तिमाही 2022 के लिए तैयार प्राइम ग्लोबल सिटीज सूचकांक पर आधारित एक रिपोर्ट में कहा गया है कि इस तिमाही में मुंबई के अलावा बेंगलुरू और दिल्ली में भी आवासीय संपतियों की औसत कीमतों में वृद्धि दर्ज की गई।



**8. दुनिया का पहला नेजल कोविड वैक्सीन किस कंपनी द्वारा विकसित किया गया है ?**

(A) फाइजर (B) सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया

(C) भारत बायोटेक (D) जॉनसन एंड जॉनसन

**(C)** भारत बायोटेक ने दुनिया का पहला नेजल कोविड वैक्सीन iNCOACC विकसित किया है। कंपनी को भारत में 18 वर्ष और उससे अधिक उम्र के लिए वैक्सीन के प्रतिबंधित आपातकालीन उपयोग के तहत केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन से भी मंजूरी मिल गई है। भारत बायोटेक के इंट्रानेजल वैक्सीन को वर्तमान में उपलब्ध कोविड-19 टीकों के खिलाफ विषम बूस्टर खुराक के रूप में इस्तेमाल किया जाना है।



**9. मौना लोआ दुनिया का सबसे बड़ा सक्रिय ज्वालामुखी, संयुक्त राज्य अमेरिका के किस राज्य में स्थित है ?**

(A) जॉर्जिया (B) हवाई

(C) फ्लोरिडा (D) कैलिफोर्निया

**(B)** मौना लोआ दुनिया का सबसे बड़ा सक्रिय ज्वालामुखी संयुक्त राज्य अमेरिका के हवाई राज्य में स्थित है। मौना लोआ 1984 के बाद पहली बार फुटा है। यह इतिहास में अपनी सबसे लंबी शांत अवधि के बाद फटा है। हवाई में मौना लोआ ज्वालामुखी आखिरी बार 1984 के मार्च और अप्रैल में फटा था।



**10. भारत ने 2022 में किस देश के शीर्ष पर्यटन बाजार के रूप में बढ़त बनाई हुई है?**

(A) मालदीव (B) इंडोनेशिया

(C) सिंगापुर (D) थाईलैंड

**(A)** भारत ने 2022 में मालदीव के शीर्ष पर्यटन बाजार के रूप में अपनी बढ़त बरकरार रखी हैं। विशेष रूप से 2022 में अब तक दो लाख के करीब भारतीय पर्यटकों ने मालदीव का दौरा किया हैं। वर्ष 2020 के बाद से मालदीव के पर्यटन में भारत का सबसे बड़ा योगदान रहा है। माले में भारतीय उच्चायोग ने विश्व यात्रा पुरस्कारों में 2022 के लिए दुनिया के अग्रणी गंतव्य का खिताब हासिल करने के लिए मालदीव को बधाई दी।

